Amity University
Uttar Pradesh

Savita Mehta
Vice President, Communications

Amity University
Block E-II, 2nd Floor
Sector – 125, Noida
Ph: 0120 - 4392620
Fax: 0120-4392622
www.amity.edu

प्रेस विज्ञप्ति
सितंबर 07, 2016

एमिटी विश्वविद्यालय में फुटबाल एंव वॉलीबॉल के रोमांचक मुकाबले

एमिटी विश्वविद्यालय में चल रहे अंर्तसंस्थान क्रिडा प्रतियोगिता - संगठन - 2016 के अंर्तगत आज पुरूषों के फुटबाल एंव पुरूषों एंव महिलाओं के वॉलीबॉल प्रतियोगिता के रोमांचक मुकाबले एमिटी स्पोर्टस कांप्लेस, एमिटी कैंपस, सेक्टर - 125 नोएडा मे हुए। पुरूषों के फुटबाल के क्वाटर फाइनल मुकाबला एमिटी लॉ स्कूल दिल्ली एंव एमिटी लॉ स्कूल नोएडा के मध्य खेला गया। दोनो टीमों के मध्य इतनी कड़ी प्रतियोगिता हुई कि मैच के प्रथम भाग और द्वितीय भाग में कोई भी टीम एक भी गोल नही कर पाई और स्कोर 0 रहा। इसके उपरांत रेफरी द्वारा पैनल्टी शूटआउट कराने का निर्णय लिया गया। जिसमें एमिटी लॉ स्कूल नोएडा ने 4 गोल करके यह प्रतियोगिता 2 गोल से जीत ली। पैनल्टी शूटआउट में एमिटी लॉ स्कूल दिल्ली के गोविंद एंव रोहित दहिया ने एक - एक गोल किया जबकी एमिटी लॉ स्कूल नोएडा के शुभांकर, समीर खान, श्रेयस जोशी एंव अकबर हुसैन ने 04 गोल किया। इस तरह पुरूषों के फुटबाल के क्वाटर फाइनल मुकाबले की यह प्रतियोगिता एमिटी लॉ स्कूल नोएडा ने 4-2 से जीत ली।

इसके अतिरिक्त आज वॉलीबाल के पुरूषों एंव महिलाओं की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वॉलीबाल की महिलाओं के द्वितीय रांउड प्रतियोगिता का मैच एमिटी इंटरनेशनल बिजनेस स्कूल की टीम एंव एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ ऑरगेनिक एग्रीकल्चर और एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ नैनोटेक्नोलॉजी की संयुक्त टीम के मध्य हुआ। मैच के प्रथम भाग में एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ ऑरगेनिक एग्रीकल्चर और एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ नैनोटेक्नोलॉजी

की संयुक्त टीम ने 25 पांइट एंव एमिटी इंटरनेशनल बिजनेस स्कूल की टीम ने 07 पांइट बनाये वही मैच के दूसरे भाग में एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ ऑरगेनिक एग्रीकल्चर और एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ नैनोटेक्नोलॉजी की संयुक्त टीम ने 25 एंव एमिटी इंटरनेशनल बिजनेस स्कूल की टीम ने 18 पांइट बनाये। इस तरह इस मैच को एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ ऑरगेनिक एग्रीकल्चर और एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ नैनोटेक्नोलॉजी की संयुक्त टीम ने 2-0 से जीत लिया।

वॉलीबाल की पुरूषों के द्वितीय रांउड प्रतियोगिता का मैच एमिटी इंटरनेशनल बिजनेस स्कूल की टीम एंव एमिटी स्कूल ऑफ बिजनेस की टीम के मध्य हुआ। मैच के प्रथम भाग में एमिटी इंटरनेशनल बिजनेस स्कूल की टीम ने 25 पांइट एंव एमिटी स्कूल ऑफ बिजनेस की टीम ने 16 पांइट बनाये वही मैच के दूसरे भाग में एमिटी इंटरनेशनल बिजनेस स्कूल की टीम ने 25 पांइट एंव एमिटी स्कूल ऑफ बिजनेस की टीम ने 15 पांइट बनाये बनाये। इस तरह इस मैच को एमिटी इंटरनेशनल बिजनेस स्कूल की टीम ने 2-0 से जीत लिया।

अधिक जानकारी के लिए संर्पक करें - अनिल दुबे - 9818671697